लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर नगर व प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

# रीडर्स मैसेंजर

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त
R.N.I. No. : UPHIN/2016/68960
www.readersmessenger.com
readersmessenger@gmail.com

वर्ष 11 अंक 14
लखनऊ, रविवार, 07 जून, 2026
पृष्ठ - 08

खबरों का दर्पण राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
प्रातःकालीन हिन्दी दैनिक समाचार पत्र (लखनऊ संस्करण)

मूल्य

# सीएसए के दो छात्रों का अडानी बिल्मार लिमिटेड कम्पनी मे हुआ चयन



रीडर्स मैसेंजर नेटवर्क

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के सेवायोजन निदेशक डॉक्टर विजय कुमार यादव द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में कैम्पस प्लेसमेन्ट के लिए आयी अडानी बिल्मार लि. की टीम ने दो छात्रों का चयन किया। टीम में तेजस खडसे-एच0आर0, देवेन्द्र सिंह जनरल मैनेजर एवं अजय गुप्ता जोनल एच0आर0 शामिल रहे। टीम के अधिकारियों द्वारा 23 छात्र/छात्राओं से ग्रुप डिस्कसन किया गया। उसके पश्चात 08 छात्रों का पर्सनल इन्टरव्यू लिया गया। साक्षात्कार की प्रक्रिया में छात्र विजय प्रताप सिंह एंव योगेन्दर सिंह को ग्रेजुएट एग्री ट्रेनी के पद पर 7 लाख रुपये के पैकेज पर चयनित किया गया। इसमें कंपनी में जाने के लिए छात्रों में अत्यधिक आकर्षण है। एडब्ल्यू अडानी बिल्मार लि, एग्री बिजनेस में भारत की अग्रणी एफएमसीजी एवं खाद्य उत्पादक कंपनियों में से एक है। कंपनी का प्रमुख ब्रांड फॉर्चून है जो खाद्य तेल, आटा, चावल, दाल, चीनी और अन्य दैनिक उपयोग के खाद्य उत्पाद बनाती है। इसके उत्पाद भारत के करोंड़ों परिवारों तक पहुंचते हैं। मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति संजीव गुप्ता ने इस प्रतिष्ठित कम्पनी में चयनित हुए छात्रों के लिए उनके उज्वल भविष्य की कामना व्यक्त की है।

हिंदुस्तान 07/06/2026

# लैब में रिसर्च कर सकेंगे डीबीएस छात्र

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं में अब डीबीएस कॉलेज के छात्र-छात्राएं रिसर्च कर सकेंगे। इसको लेकर डीबीएस कॉलेज और सीएसए विवि के बीच समझौता हुआ है। सीएसए विवि के कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता की मौजूदगी में डायरेक्टर शोध प्रो. महक सिंह और डीबीएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार ने समझौता किया।


अमर उजाला 07/06/2026

# दो छात्रों को सात लाख का पैकेज

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट में दो छात्रों का सात लाख पैकेज पर चयन हुआ है। सेवायोजन के निदेशक डॉ. विजय कुमार यादव ने बताया कि कैंपस प्लेसमेंट के लिए अडानी बिल्मार लिमिटेड के अधिकारियों ने 23 छात्र-छात्राओं का ग्रुप डिस्कशन कराया। आठ छात्रों का पर्सनल इंटरव्यू लिया। इसके बाद विजय प्रताप सिंह और योगेंद्र सिंह का ग्रेजुएट एग्री ट्रेनी के पद पर चयन किया गया। यह कंपनी खाद्य तेल, आटा, चावल, दाल, चीनी और अन्य दैनिक उपयोग के खाद्य उत्पाद बनाती है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजीव गुप्ता ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दीं। (ब्यूरो)

कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित वर्ष: 17 अंक : 331 कानपुर, रविवार 07 जून 2026 नगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य: 2.00 रुपए

राष्ट्रीय स्वरूप



चोटिल विराट कोहली की जगह यशस्वी जायसवाल भारतीय वनडे टीम में 10

# सीएसए के दो छात्रो का अडानी बिल्मार लि. कम्पनी में चयन

कानपुर 7 चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के सेवायोजन के निदेशक डा0 विजय कुमार यादव द्वारा अवगत कराया कि विश्वविद्यालय में कैम्पस प्लेसमेन्ट लेने आयी अडानी बिल्मार लि.के श्री तेजस खडसे–एच0आर0, देवेन्द्र सिंह जनरल मैनेजर एवं अजय गुप्ता, जोनल एच0आर0 द्वारा 23 छात्र/छात्राओ का ग्रुप डिस्कसन लिया गया। उसके पश्चात 08 छात्रो का पर्सनल इन्टरव्यू लिया। तत्पश्चात साक्षात्कार प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त दो छात्रो का जिसमें मिस्टर विजय प्रताप सिंह एंव योगेन्दर सिंह को ग्रेजुएट एग्री ट्रेनी के पद पर 7.00 लाख पैकेज पर चयन किया गया। इसमे जाने के लिए छात्रो में अत्यधिक आकर्षण है। एडब्ल्यूएल अडानी बिल्मार लि, एग्री बिजनेस भारत की अग्रणी एफएमसीजी एवं खाद्य उत्पाद कंपनियों में से एक है। कंपनी का प्रमुख ब्रांड फॉर्चून है जो खाद्य तेल, आटा, चावल, दाल, चीनी और अन्य दैनिक उपयोग के खाद्य उत्पाद बनाती है। इसके उत्पाद भारत के करोड़ो परिवारो तक पहुँचते है।मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति संजीव गुप्ता ने इस प्रतिष्ठित कम्पनी में चयनित हुए छात्रो को उनके उज्वल भविष्य की कामना व्यक्त की है। इस सम्पूर्ण प्रक्रिया को सफल बनाने में मुलायम सिंह, सरिता पाण्डेय का भी विशेष सहयोग सराहनीय रहा।



दैनिक जागरण 07/06/2026

# मधुमक्खी पालन व मशरूम उत्पादन सीख सकेंगे डीबीएस कालेज के छात्र




सीएसए व डीबीएस के बीच समझौता ज्ञापन के अवसर पर मौजूद सीएसए कुलपति प्रो. संजीव गुप्ता व डीबीएस कालेज के प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार मिश्रा व अन्य • डकालेज

**जागरण संवाददाता, कानपुर :** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) और डीबीएस कालेज के बीच शनिवार को शैक्षणिक एवं कौशल विकास सहयोग को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत डीबीएस कालेज के वनस्पति विज्ञान विभाग के छात्र सीएसए में संचालित रोजगारपरक एवं स्किल आधारित पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। वहीं सीएसए के विद्यार्थी को वनस्पति विज्ञान में पीएचडी के लिए डीबीएस कालेज में आवेदन कर सकेंगे।

सीएसए के शोध निदेशालय में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति डा. संजीव गुप्ता व डीबीएस कालेज के प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार मिश्रा ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत डीबीएस के छात्र सीएसए में संचालित मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, वर्मी कम्पोस्ट, जैविक खेती समेत कृषि आधारित विभिन्न रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग ले सकेंगे। वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डा. रेखा रानी ने बताया कि एमएससी बाटनी के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण में प्राथमिकता दी जाएगी।

32.0°
अधिकतम
21.0°
न्यूनतम
www.twitter.com/worldkhabarexpress
www.facebook.com/worldkhabarexpress
www.youtube.com/worldkhabarexpress

WORLD खबर एक्सप्रेस

# विश्व पर्यावरण दिवस पर सीएसए के वस्त्र एवं परिधान विभाग ने किया वृक्षारोपण

वर्ल्ड खबर एक्सप्रेस



कानपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (सीएसए) के सामुदायिक विज्ञान संकाय के वस्त्र एवं परिधान विभाग द्वारा विभागीय प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों, शोधार्थियों और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

विभाग की प्रभारी डॉ. अर्चना सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में प्रो. डॉ. एकता शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ऋतु पाण्डेय तथा टीचिंग एसोसिएट डॉ. अंकिता यादव ने विभाग के सहकर्मियों और पीएचडी छात्राओं के साथ मिलकर विभागीय लॉन में अंजीर, अपराजिता एवं टेकोमा सहित विभिन्न पौधों का रोपण किया।इस अवसर पर वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर निर्माण और जैव विविधता के संवर्धन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति और पर्यावरण के प्रति हमारी सतत जिम्मेदारी का प्रतीक है।कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों और छात्राओं ने लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया। साथ ही पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और भावी पीढ़ी में प्रकृति संरक्षण की भावना विकसित करने का आह्वान किया गया।विभाग की ओर से आयोजित यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति उत्तरदायी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

अमर उजाला 07/06/2026

# डीबीएस छात्र सीएसए में निशुल्क लेंगे प्रशिक्षण




एमओयू के दौरान मौजूद सीएसए और डीबीएस कॉलेज के शिक्षक। स्रोत : डीबीएस

**माई सिटी रिपोर्टर**

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि में डीबीएस कॉलेज के छात्र-छात्राएं निशुल्क विभिन्न विधाओं के प्रशिक्षण लेंगे। इससे छात्रों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इस संबंध में शनिवार को दोनों संस्थानों में समझौता ज्ञापन में हस्ताक्षर हुए हैं।

यह समझौता तीन साल के लिए किया गया है। सीएसए में मशरूम उत्पादन, वर्मी कंपोस्ट बनाने की विधि, मधुमक्खी पालन, डेयरी फार्मिंग आदि के प्रशिक्षण कोर्स में डीबीएस कॉलेज के स्नातक और परास्नातक कक्षाओं के छात्र-छात्राएं निशुल्क हिस्सा ले सकेंगे। कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ. अमित तिवारी ने बताया कि इससे छात्रों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

समझौता ज्ञापन पर सीएसए के कुलपति प्रोफेसर संजीव गुप्ता और कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल मिश्रा ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर निदेशक शोध डॉ. महक सिंह, प्रोफेसर कौशल किशोर, डॉ. शशिकांत, डॉ. अजय सिंह, डॉ. आर प्रसाद, डॉ. सत्येंद्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

पदक

ग्री

रीक्षा

शियल

किया
वद्यालयों
के संबंध

इन कोर्स
ग्रार्थी को
अगर कोई
है तो उसे
ा जाएगा
री होगा।
इन कोर्सों
ें को पास
अलग से

हिंदुस्तान 07/06/2026



# छात्रों को मिला सात लाख का पैकेज

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) देश की प्रतिष्ठित कंपनी अडानी विलमार की ओर से कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन हुआ। विवि के सेवायोजन निदेशक डॉ. विजय कुमार यादव ने बताया कि कंपनी के एचआर तेजस खडसे, जनरल मैनेजर देवेंद्र सिंह व जोनल एचआर अजय गुप्ता ने 23 छात्रों का साक्षात्कार लिया। जिसमें विजय प्रताप सिंह और योगेंद्र सिंह को ग्रेजुएट एग्री ट्रेनी के पद पर सात लाख रुपये के पैकेज पर चयन हुआ।

DT दीनार टाइम्स



# सीएसए के वस्त्र व परिधान विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता/ डीटीएनएन

कानपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (सीएसए) के सामुदायिक विज्ञान संकाय के वस्त्र एवं परिधान विभाग द्वारा विभागीय प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर निर्माण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विभाग की प्रभारी डॉ. अर्चना सिंह, प्रो. डॉ. एकता शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ऋतु पाण्डेय एवं टीचिंग एसोसिएट डॉ. अंकिता यादव ने विभाग के सहकर्मियों एवं पीएचडी छात्राओं के साथ मिलकर विभागीय लॉन में अंजीर, अपराजिता, टेकोमा एवं अन्य इंडोर पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों एवं छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सभी




ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी सतत जिम्मेदारी का प्रतीक है। विभाग द्वारा आयोजित यह पहल विद्यार्थियों में प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करने तथा पर्यावरणीय उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।